दिनाँक 16/07/2019

प्रैस नोट

विषयः– दिनाँक 23/7/2019 को भूतपूर्व सैनिको के आश्रितों के लिए जे0वी0टी0 भर्ती की कौंसलिंग ।

जिला कॉगड़ा में जे.बी.टी भूतपूर्व सैनिको के आश्रितों (JBT/Ward of Ex-servicemen) के 20 रिक्त पदों ,जिसमें सामान्यवर्ग (General Category)- 14, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)- 2, अनुसूचित जाति (SC) -3, अनुसूचित जन जाति (ST) -1 की भर्ती हेतु उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा कांगड़ा स्थित धर्मशाला के मिटिंग हॉल में दिनांक 23/07/2019 को कौंसलिंग की जा रही है। इसमें जिन उम्मीदवारों ने जे0वी0टी0 का दो वर्ष का प्रशिक्षण उत्तीर्ण किया हो, जे0वी0टी0 टैट पास किया हो एवं भूतपूर्व सैनिको के आश्रित हों तथा जिनका नाम किसी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो अपने निम्न मूल प्रमाण पत्रों तथा इनकी एक सत्यापित प्रति सहित एवं इस कार्यालय की बेबसाईट (www.ddeekangra.in) पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भर कर दर्शाई गई तिथि को प्रातः 10.00 बजे उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा कांगड़ा स्थित धर्मशाला के मिटिंग हॉल में कौंसलिग में भाग ले सकते हैं। जिला कांगड़ा के रोजगार कार्यालयों से भेजे गए उम्मीदवारों के नामों की सूची भी बेबसाईट पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवारों को अगल से बुलाबा पत्र भी भेजे जा रहें हैं यदि बुलावा पत्र न भी प्राप्त हो तो भी कौंसलिग में भाग ले सकते हैं। अतः जिन उम्मीदवारों के नाम सूची में सम्मीलित नहीं भी हैं और वे दर्शाई गई पात्रता पूर्ण करते हैं एवं किसी रोजगार कार्यालय में जिनका नाम पजींकृत हैं, वे भी एवं अन्य जिलों के पात्र इच्छुक उम्मीदवार भी निर्धारित कौंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

प्रमाण पत्रों की सूचीः–

1. मैट्रिक मूल प्रमाण पत्र ।
2. 10+2 मूल प्रमाण पत्र ।
3. TET पास प्रमाण पत्र ।
4. जे. बी. टी. प्रमाण पत्र ।
5. रोजगार कार्यालय पंजीकरण पत्र ।
6. हिमाचली मूल प्रमाण पत्र ।
7. चरित्र प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्धारा जारी किया हुआ ।
8. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग /आई0आर0डी0पी0 सम्बन्धित प्रमाण पत्र ।
9. भूतपूर्व सैनिको के आश्रित (Ward of Ex-servicemen) होने का प्रमाण पत्र तथा अनुलग्नक–ए (Annexure-A) एवं अनुलग्नक–बी (Annexure-B) पर दर्शाए गए प्रमाण पत्र मूल रूप में जिनका नमूना (Specimen) कार्यालय की बेबसाईट (www.ddeekangra.in) पर उपलब्ध है।
10. नवीनत्तम सत्यापित फोटो–2 ।

उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कॉगड़ा स्थित धर्मशाला ।

संख्या–शिक्षा–कांगडा(E-3) स्थापना दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपिः–

1. जिला लोक सम्पर्क अधिकारी, कॉगड़ा स्थित धर्मशाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त सूचना सभी मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा करें।
2. स्टेशन डायरैक्टर, आकाशवाणी धर्मशाला को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त सूचना को अपने केन्द्र पर बार–बार घोषित (Announce) करवाएं।
3. समस्त रोजगार अधिकारी जिला कॉगड़ा को सूचनार्थ प्रेषित है।

उप निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
कॉगड़ा स्थित धर्मशाला ।